संख्या-345/2026/3057/नौ-5-2026/002-Com.No-1536700

प्रेषक,

देवेश मिश्र,
संयुक्त सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नगरीय निकाय निदेशालय,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ : दिनांक 31 जुलाई, 2026

विषय:- वित्तीय वर्ष 2026-27 में कानपुर स्थित गंगा बैराज के वार्षिक रख-रखाव/अनुरक्षण हेतु धनराशि स्वीकृत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (रामगंगा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश कानपुर के पत्र संख्या-4517/मु०अ०/रामगंगा/गं०बै०अनु०/ दिनांक 16-07-2026 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में कानपुर स्थित गंगा बैराज के वार्षिक रख-रखाव/अनुरक्षण हेतु प्रावधानित धनराशि रू० 500.00 लाख के सापेक्ष शासनादेश दिनांक 04-05-20026 द्वारा प्रथम किश्त के रूप में रू० 125.00 लाख के सापेक्ष प्राप्त उपयोगिता प्रमाण प्राप्त हो जाने के उपरान्त द्वितीय किश्त के रूप में **रू० 125.00 लाख (रू० एक करोड़ पच्चीस लाख मात्र)** की धनराशि अवमुक्त किये जाने पर राज्यपाल महोदय एतदद्वारा निम्नलिखित प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) उक्त धनराशि का आहरण निदेशक, नगरीय निकाय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा कोषागार/भारतीय स्टेट बैंक से करते हुए आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से बैराज निर्माण-खण्ड-2, कानपुर को उपलब्ध करायी जायेगी।

(2) स्वीकृत धनराशि का कोई भी अंश किसी पोस्ट आफिस/डिपाजिट खाता/पी.एल.ए. में नहीं रखा जायेगा।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि उपर्युक्त कार्य पर ही व्यय की जायेगी तथा किसी भी दशा में स्वीकृत की जा रही धनराशि अन्य कार्यो पर व्यय नहीं की जायेगी।

(4) व्यय किये गये मदों का विस्तृत विवरण तथा कराये गये कार्यो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति प्रत्येक त्रैमास के अन्त तक निदेशक, नगरीय निकाय/नगर विकास अनुभाग-5, उ0प्र0 शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

(5) स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र कार्यालय महालेखाकार,उत्तर प्रदेश इलाहाबाद एवं निदेशक, नगरीय निकाय/शासन को नियमानुसार भेजा जाना अनिवार्य होगा।

(6) वित्त विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन विभागों/उपक्रमों में तैनात वित्त नियंत्रक/मुख्य /वरिष्ठ/लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित शर्तो का किसी प्रकार का विचलन हो, तो संबंधित वित्त नियंत्रक इत्यादि का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित नगर विकास विभाग तथा वित्त विभाग को दे दी जाय।

(7) प्रशा0 विभाग द्वारा वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026 दिनांक 28 मार्च,2026 में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) प्रशा0 विभाग द्वारा 'सेंटेज चार्जेज, निर्माण लागत तथा वित्तीय स्वीकृति से सम्बंधित वित्तीय प्रबंधन' सम्बंधी वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-01/2023/ए-2-60/दस-2023-17(4)/75 दिनांक 17 मई, 2023 तथा शासनादेश संख्या-02/2023/ए-2-66/दस-2023-17(4)/75 दिनांक 19 मई, 2023 के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय **रुपये 1,25,00,000 (रुपये एक करोड़ पच्चीस लाख मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 037 लेखा शीर्षक 2215011010400 गंगा

बैराज, कानपुर मानक मद 20 सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न यू0ओ0 संख्या-E-9-76-X-2026-27, दिनांक 31-07-2026 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

Digitally signed by
Devesh Mishra
Date: 31-07-2026
19:50:18

(देवेश मिश्र)
संयुक्त सचिव।

संख्या-345/2026/3057(1)/नौ-5-2026/002-Com.No-1536700, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- महालेखाकार(लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
3- जिलाधिकारी/मण्डलायुक्त, कानपुर।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन कोषागार, लखनऊ।
5- कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट कोषागार, कानपुर।
6- निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, लखनऊ।
7- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
8- नगर आयुक्त, नगर निगम, कानपुर।
9- वरिष्ठ अधिकारी/मुख्य सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो।
10- मुख्य अभियन्ता(राम गंगा), सिंचाई विभाग, उ0प्र0 98-कैनाल कालोनी, फूलबाग, कानपुर।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9
12- निजी सचिव, मा0 मंत्री, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
13- गार्ड फाईल/कम्प्यूटर सेल वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,

(देवेश मिश्र)
संयुक्त सचिव।